**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 21.05.2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 19वीं बैठक का कार्यवृत्त।**

बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर<br>कुलपति एवम्<br>अध्यक्ष, वित्त समिति एच0बी0टी0यू0,कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री कृपा शंकर सिंह<br>(प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग)<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1,उ0प्र. शासन, लखनऊ। | सदस्य |
| 3. | श्री अजय जौहरी<br>(प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग)<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 नीरज कुमार सिंह<br>कुलसचिव,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | श्री गोपाल खरे<br>वित्त नियंत्रक,एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |
| 6. | श्रीमती ऐश्वर्या, वित्त एवं लेखाधिकारी,एच0बी0टी0यू0,कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 7. | श्री ए0के0 सिंह,सहा0 अभियन्ता,अनुरक्षण अनु0एच0बी0टी0यू0,कानपुर | विशेष आमंत्री |

समिति की बैठक सदस्यों के परिचयोपरान्त मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से प्रारम्भ हुई।

**19.01. हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 13/04/2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 18वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

समिति द्वारा दिनांक 13/04/2022 को सम्पन्न 18वीं वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर किसी भी सदस्य से कोई टिप्पणी/टीकाएं न प्राप्त होने के दृष्टिगत पुष्टीकरण किया गया।

**19.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 13/04/2022 को पूर्वान्ह 11:00 बजे सम्पन्न 18वीं वित्त समिति की बैठक में लिए गए निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

समिति ने कृत कार्यवाहियों को संज्ञान में लिया तथा कृत कार्यवाही के अधीन निम्नवत् निर्देश प्रदान किये:–

1. वित्त समिति के एजेण्डा मद सं0: 17.11.02 क्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/ अनुभागों में निष्प्रयोज्य उपकरणों, मशीनों, सामानों एव फर्नीचर आदि के निस्तारण किये जाने के पूर्व Depriciated वैल्यू एवं फ्लोर वैल्यू का पुर्ननिर्धारण शासनादेशों में विहित व्यवस्था/ आयकर विभाग के नियमों के आधार पर किया जाय एव सक्षम स्तर से अनुमोदन प्राप्त करते हुए निस्तारण की कार्यवाही की जाये।

2. एजेण्डा मद 18.05 के संबंध में समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि बाह्य एजेन्सियों, डी0एस0टी0, यू0पी0सी0एस0टी0,डी0आई0सी0–आई0आई0टी0,कानपुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम एवं अन्य संगठनों द्वारा प्रायोजित परियोजनाओं के अधीन आय–व्ययक से संबंधित प्रगति विवरण नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाये।

3. एजेण्डा मद 18.13 के संबंध में समिति द्वारा निर्देश दिये गये कि वित्त समिति की 18वीं में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रथमतः विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में स्थित उद्यानों के रख–रखाव का कार्य वित्त समिति द्वारा निर्धारित व्यय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये।

**19.03: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शताब्दी भवन में शताब्दी समारोह के दृष्टिगत अतिरिक्त कराये गये कार्यों हेतु कार्योत्तर अनुमोदन एवं नवीन प्रस्तावित कार्य आगणन की धनराशि रू0 101.48 लाख के भुगतान संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रागढ़ में मल्टीपरपज हाल के निर्माण / फर्नीचर एण्ड फिक्सर तथा एक्टरनल डेवलपमेन्ट हेतु अवमुक्त की गयी धनराशियों के अतिरिक्त किये गये निर्माण कार्यो हेतु कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया तथा निर्माण इकाई रू0 101.48 लाख के सापेक्ष 90 प्रतिशत का भुगतान करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया। समिति द्वारा यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि कार्यदायी संस्था द्वारा कराये गये कार्यो का Third Party Inspection भी कराया जाये। इस हेतु संस्था तय करने के लिए समिति द्वारा मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया। Third Party Inspection की संतोषजनक रिपोर्ट तथा भवन के हस्तान्तरण के उपरान्त शेष धनराशि का भुगतान कार्यदायी संस्था को किया जाये।

**19.04: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शैक्षिक सत्र 2020–21 में बी0टेक0 / एम0टेक0 एम0सी0ए0 में अध्ययनरत छात्रों द्वारा कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण छात्रावास की सुविधा सीमित समय तक उपभोग किये जाने से हुई बचत के दृष्टिगत प्रथम / द्वितीय वर्ष के छात्रों को रू0 8000/- एवं तृतीय / चतुर्थ वर्ष के छात्रों को रू0 7000/- छात्रावास शुल्क वापसी संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचार करते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2020–21 में बी0टेक0 / एम0टेक / एम0सी0ए0 में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं द्वारा छात्रावासों में निवास हेतु आवंटित कराये गये कक्षों को कोविड–19 वैश्विक महामारी के कारण छात्रावास सुविधा सीमित समय तक उपभोग किये जाने के कारण विश्वविद्यालय की शुल्क माफी हेतु गठित समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रथम / द्वितीय वर्ष के जिन छात्रों ने छात्रावास शुल्क रू0 25000/- तथा तृतीय / चतुर्थ वर्ष के जिन छात्रों ने छात्रावास शुल्क रू0 14000/- जमा किये गये, उन्हें क्रमशः रू0 8000/- तथा रू0 7000/-कुल धनराशि रू0 56,79,000/- वापस किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**19.05 : विश्वविद्यालय कानपुर के अतिथि गृह में ठहरने हेतु गाइडलाइन्स, कान्फ्रेन्स हाल का किराया एवं शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों से कमरों आदि के किराये की दरों के निर्धारण संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ठहरने हेतु गाइड– लाइन्स, कान्फ्रेन्स हाल का किराया एवं विश्वविद्यालय के वर्तमान एवं पूर्व शिक्षकों / अधिकारियों / कर्मचारियों से किराये में छूट प्रदान किये जाने हेतु निम्नवत् अनुमोदन प्रदान किया:–

अ. विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में ठहरने हेतु गाइडलाइन्सः–

## UNIVERSITY GUEST HOUSE (UGH) BOOKING NORMS, GUIDELINES, AND OTHER INFORMATION FOR THE USERS

1. For booking facility duly filled UGH registration form forwarded by respective forwarding authority may directly be submitted at UGH office.
2. Guest/ visitor is required to produce Id Proof upon arrival at the UGH along with the duly filled UGH registration form.
3. The guest shall also provide the names and other details of the accompanying members during the stay.
4. The booking is purely provisional and subject to the availability of rooms/conference hall in the guest house.
5. The booking may be cancelled if UGH is engaged in urgent university program.
6. Priority will be given to guests of the home university and visitors coming for academic activities/ official meetings/ conferences in the home university.
7. Students may be allotted accommodation in UGH for their parents/guardians.
8. No telephonic booking/ cancellation of any of the UGH facilities will be entertained.
9. Check-in and check-out duration is 24 hrs.
10. Approval for the extended stay has to be obtained beforehand.
11. Consumption of Narcotics/ Alcoholic drinks/ Smoking/ Chewing tobacco / Paan Masala etc. is strictly prohibited in UGH.
12. The guest is required to settle the final bills/ dues before the departure.
13. For free accommodation / official meetings/ conferences, permission should be obtained from the competent authority of the university.
14. Visitors must cooperate with the guest house officials for the proper maintenance of the rooms by avoiding littering of rooms and damaging the guest house property and should get the rooms thoroughly checked by the UGH attendant at the time of check-in and check-out.

ब. विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में स्थित कान्फ्रेन्स हाल का किराया बाहरी एजेन्सियों से रू0 2500/–प्रतिदिन की दर से लिया जाये।

स.. विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में वर्तमान व पूर्व शिक्षकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अतिथि गृह के कमरों इत्यादि के लिए निर्धारित किराये की दरों का 50% किराया लिया जाये।

**19.06: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रागंण में मुख्य सड़कों की मरम्मत हेतु आगणित धनराशि के भुगतान संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने सम्यक विचार करते हुए विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रागंण में मुख्य सडकों की मरम्मत हेतु रू0 104.28 लाख के सापेक्ष कार्यदायी संस्था–उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 सूडा ईकाई–1, कानपुर को रू0 52.14 लाख का किया गया भुगतान के आलोक में कराये गये कार्यो की रिपोर्ट लेने तथा कार्यदायी संस्था से समस्त शर्तो का उल्लेख करते हुए पूरक कार्य आदेश जारी करते हुए अवशेष धनराशि का भुगतान नियमानुसार किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**9.07: हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शताब्दी द्वार व स्तम्भ एवं बिटुमिन रोड की आगणित धनराशि रू0 315.24 लाख के अतिरिक्त टाइम कैप्सूल, स्तम्भ में ग्रेनाइट व एक तरफ लाकिंग टाइल को सम्मिलित करते हुए पुनरीक्षित आगणित धनराशि रू0 344.32 लाख के क्रम में अधिक आगणित धनराशि रू0 29.08 लाख के भुगतान संबंधी प्रस्ताव पर विचार।**

समिति ने विचारोपरान्त शताब्दी द्वार व शताब्दी स्तम्भ एवं सड़क निर्माण की आगणित धनराशि रू0 315.24 लाख के अतिरिक्त टाइम कैप्सूल, शताब्दी स्तम्भ में ग्रेनाइट व एक तरफ लाकिंग टाइल के कार्यों को सम्मिलित करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत रू0 344.32 लाख का पुनरीक्षित आगणन को विश्वविद्यालय की भवन निर्माण समिति से अनुमोदित कराने के उपरान्त अवशेष धनराशि रू0 29.08 लाख के भुगतान हेतु अनुमोदन प्रदान किया।

**19.08. विश्वविद्यालय की भवन एवं कार्य समिति की दिनांक 08.12.2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 08/12/2021 के कार्यवृत्त को संज्ञान में लेते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

2/5/22

(गोपाल खरे)
वित्त नियंत्रक एवं सदस्य सचिव
एच0बी0टी0यू0 कानपुर